VIP, then the decision of compensation is getting complicated and the real compensation is not properly reaching the aggrieved families. I would like to know from the Minister whether the Union Government is having a proper mechanism to decide about the compensation to be delivered to the aggrieved families at the earliest with all other benefits available to them.

SHRI KIREN RIJIJU: Sir, as regards compensation, there are very clear laid-down procedures and policies, whether a security personnel is killed or a civilian is killed. So, we ensure that the existing provisions are implemented thoroughly. If the hon. Member comes to know about the next of kin of a deceased family not receiving any kind of compensation under the existing provisions, he may bring it to our notice. We will take care of that.

SHRI PAVAN KUMAR VARMA: Sir, compensation is a factor directly related to casualties. What are the provisions, currently, whereby those who become casualties of insurgency have the right equipment in terms of weapons, vehicles and infrastructure? In each of the districts where this is on, is the Government able to ensure their protection?

SHRI KIREN RIJIJU: Sir, maximum efforts are being made in those areas which are prone to more casualties or where the effect of the Naxalite movement or the Maoist movement is very, very active. Then upgradation of technology through police modernization process is on. We are very, very careful about this thing that our security forces are fully equipped to deal with the situation. The process of upgradation is taking place from time to time and recently the Home Minister had called a meeting of Chief Secretaries and Director-Generals of Police of 10 States, which are affected by the Maoist movement. We are taking care of the concern expressed by the hon. Member.

**मध्य प्रदेश में 'स्टील प्रोडक्ट डिपो' की स्थापना का प्रस्ताव**

*506. **डा. सत्यनारायण जटिया**: क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में उज्जैन जिले के बांदका गांव के पास 'सेल' द्वारा स्थापित किए जा रहे 'स्टील प्रोडक्ट डिपो' के प्रस्ताव सहित विनिर्माण कार्य में विस्तार की अब तक की वर्ष-वार प्रगति तथा आगामी कार्य-योजना का ब्यौरा क्या है; और

(ख) प्रश्न के उपरोक्त भाग 'क' के सन्दर्भ में, मध्य प्रदेश सहित देश भर में कहां-कहां उक्त डिपो स्थापित किए जा रहे हैं/किए जाएंगे और इस योजना के उद्देश्य क्या हैं तथा उत्पाद की मांग एवं पूर्ति की क्या पद्धति है तथा डिपो-वार कार्यारम्भ के लिए कैलेण्डर का निर्धारण किस प्रकार से किया गया है?

**इस्पात मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)** : (क) और (ख) एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

***विवरण***

(क) सेल द्वारा मध्य प्रदेश में उज्जैन जिले के बांदका गांव के समीप किसी स्टील प्रोडक्ट डिपो की स्थापना नहीं की जा रही है। तथापि, सेल 8 एम.एम. से 25 एम.एम. मोटाई वाले टी.एम.टी. बार्स का 100,000 टी.पी.ए. उत्पादन के लिए मध्य प्रदेश में उज्जैन जिले के घाटिया तहसील के बांदक इंडस्ट्रीयल इस्टेट में एक स्टील प्रोसेसिंग यूनिट (एस.पी.यू.) की संयुक्त उद्यम आधार पर स्थापना कर रहा है। संयुक्त उद्यम कंपनी 'वी.एस.एल. - सेल जे.वी.सी. लिमिटेड' को दिनांक 30.10.2012 को पंजीकृत किया गया है। बांदका में 33.78 एकड़ भूमि के लिए मध्य प्रदेश सरकार और संयुक्त उद्यम कंपनी के बीच लीज डीड निष्पादित करने की औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं।

परियोजना हेतु स्थल पर प्रारंभिक कार्य प्रगति पर है। भूमि समतल करने का कार्य और चारदीवारी का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उपस्कर के आपूर्तिकर्ता का चयन किया जा चुका है।

(ख) सेल के बोर्ड ने 11 एस.पी.यू. की स्थापना किए जाने को अनुमोदन प्रदान कर दिया है। इन एस.पी.यू. के स्थानों के नाम नीचे दिए गए हैंः

बिहार में बेतिया, गया और महनर

मध्य प्रदेश में उज्जैन, हौशंगाबाद और ग्वालियर

उत्तर प्रदेश में लखीमपुर और बाराबंकी

हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा

असम में गुवाहाटी

जम्मू और कश्मीर में श्रीनगर

इनमें से पांच एस.पी.यू. नामतः उज्जैन, लखीमपुर, ग्वालियर, हौशंगाबाद और बाराबंकी का क्रियान्वयन रणनीतिक साझेदारों को शामिल करके संयुक्त उद्यम माध्यम से हो रहा है। इन यूनिटों का उद्देश्य ग्रामीण और दूरस्थ स्थानों में इस्पात की उपलब्धता में सुधार लाना है। एस.पी.यू. के स्थान और उत्पादित होने वाले इस्पात उत्पादों का निर्णय सेल के बाजार विश्लेषक समूह के बाजार अध्ययन के आधार पर लिया जाता है। बेतिया में एस.पी.यू. का कार्य पूरा कर लिया गया है तथा ग्वालियर और उज्जैन के एस.पी.यू. के वर्ष 2015-16 तक प्रचालित हो जाने की संभावना है।

**Proposal to set up Steel Product Depot in M.P.**

†*506. DR. SATYANARAYAN JATIYA: Will the Minister of STEEL be pleased to state:

(a) the details of proposal with regard to the Steel Product Depot being set up by SAIL near Bandka village of Ujjain district in Madhya Pradesh along with the year-wise details of progress made so far for expansion of manufacturing operations and future action plan thereof; and

(b) in reference to the (a) above, the locations where Steel Product Depots are being set up/would be set up in the country including Madhya Pradesh along with the

†Original notice of the question was received in Hindi.

objectives of the plan, the method of demand and supply of the product and the manner in which calendar has been fixed for depot-wise commencement of operations?

THE MINISTER OF STEEL (SHRI NARENDRA SINGH TOMAR): (a) and (b) A Statement is laid on the Table of the House.

***Statement***

(a) No Steel Products Depot is being set up by SAIL near Bandka village at Ujjain District in Madhya Pradesh. However, SAIL is setting up a Steel Processing Unit (SPU) at Bandka industrial estate, Tehsil Ghatia, Dist. Ujjain, MP on Joint Venture basis for the production of 100,000 tpa of TMT Bars of 18 mm to 25 mm. The JV Company "VSL-SAIL JVC Limited" has been registered on 30.10.2012. Formalities for execution of lease deed between Govt. of MP and Joint Venture Company for 33.78 acres of land at Bandka have been completed.

Preliminary site work for the project is in progress. Ground leveling work and construction of Boundary wall is in progress. Equipment supplier has been finalized.

(b) The Board of SAIL has approved setting up of 11 SPUs. The locations of these SPUs are given below:-

Bettiah, Gaya and Mahnar in Bihar.

Ujjain, Hoshangabad and Gwalior in Madhya Pradesh.

Lakhimpur and Barabanki in Uttar Pradesh.

Kangra in Himachal Pradesh.

Guwahati in Assam.

Srinagar in J&K.

Out of these, implementation of five SPUs, namely Ujjain, Lakhimpur, Gwalior, Hoshangabad and Barabanki are through JV mode by inducting strategic partners. The objective of these units is to improve the availability of steel at rural and remote locations. The decision on the location of SPU and steel products to be produced is taken on the basis of the market study by the market Analyst Group of SAIL. The SPU at Bettiah has been completed and SPUs at Gwalior and Ujjain are likely to be operational by 2015-16.

MR. CHAIRMAN: Question No. 506. Hon. Member not present. Let the answer be given by the hon. Minister. Any supplementaries on Question No. 506? Okay. Question No. 507.

**पाकिस्तान से आये हिन्दू परिवारों को नागरिकता प्रदान किया जाना**

*507. **श्री नारायण लाल पंचारिया** : क्या **गृह** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पाकिस्तान से प्रताड़ित होकर आए हिन्दू परिवारों की नागरिकता प्रदान करने संबंधी योजना का ब्यौरा क्या है;